## खबर संक्षेप



### चंडीगढ़ में पहले घरेलू पीएनजी कनेक्शन का उद्घाटन

**चंडीगढ़।** इंडियन ऑयल-आदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड ने नेशनल पीएनजी ड्राइव 2.0 के तहत चंडीगढ़ जीए में पीएनजीआरबी के चेयरमैन डॉ. अनिल कुमार जैन का विशेष स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरमैन ने शिबालिक एन्क्लेव, मणिमाजरा, चंडीगढ़ में पहला घरेलू पीएनजी कनेक्शन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में डायरेक्टर (मॉनिटरिंग) लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### हर समय पोर्टल पर लापता के पंजीकरण की सुविधा शुरू

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने तकनीक आधारित नागरिक सेवाओं और स्मार्ट पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए हरसमय पोर्टल पर लापता व्यक्तियों का पंजीकरण सुविधा शुरू की है। साथ ही, सत्यापन सेवा प्रमाणपत्रों को डिजिलॉकर से जोड़ा गया है। नागरिक पोर्टल पर जीआईएस-आधारित पुलिस स्टेशन लोकेटर भी शुरू किया गया है, जिससे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करना अब और भी सरल हो गया है। इससे लोगों को फायदा होगा।

### मुख्यमंत्री बोले- 13 बैठकें कर बजट पूर्व परामर्श किया, लोगों ने एआई चैटबॉट पर भेजे सुझाव

# लोगों के सुझाव से तैयार होगा बजट प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय ढाई गुणा बढ़ी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 20 से शुरू होने जा रहा विधानसभा का बजट सत्र प्रदेश के विकास की दिशा, जनकल्याण की प्राथमिकताओं, भविष्य की योजनाओं को सशक्त आधार प्रदान करेगा। प्रदेश की भाजपा सरकार ने कार्यभार संभालते समय जो संकल्प पत्र प्रदेश की जनता के समक्ष रखा था, वह हमारे लिए गीता के समान है। वह सुशासन, पारदर्शिता तथा जनहित के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का स्पष्ट दस्तावेज है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को हरियाणा निवास चंडीगढ़ में पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि इस बार वर्ष 2026-27 के लिए बजट बनाने की प्रक्रिया जारी है। पूर्व-बजट परामर्श की परंपरा को निभाते हुए, उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों के साथ अब तक कुल 13 बैठकें की हैं। इनमें उन्हें 2 हजार 199 सुझाव प्राप्त हुए।

■ बोले- जन हितैषी होगा बजट, विकास को नया आयाम देगा

इस बार प्रदेश सरकार ने एआई चैटबॉट का नया प्रयोग किया। इसके माध्यम से भी लगभग 12 हजार 400 सुझाव प्राप्त हुए हैं। इन सभी पर मंथन जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार कम से कम 4-5 हजार सुझावों को आगामी बजट वर्ष 2026-27 में सम्मिलित करेंगे। 29 जनवरी, 2026 को योजना विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 में राज्य की प्रतिव्यक्ति आय 3 लाख 58 हजार 171 रूपये रही है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिव्यक्ति आय 2 लाख 19 हजार 575 रुपये है। हरियाणा देश के पांच शीर्ष राज्यों में शामिल है।

#### विपक्ष की पैसा न खर्च करने की टिप्पणियां गलत



उन्होंने कहा कि विपक्ष बार-बार टिप्पणियां करता है कि सरकार अर्थव्यवस्था पर खर्च नहीं कर रही है, लेकिन वे उन्हें बताना चाहेंगे कि प्रदेश सरकार के समय में अर्थव्यवस्था पर हुआ वास्तविक खर्च उनके समय में हुए वास्तविक खर्च से लगभग तीन गुणा है। लगभग 11 विभागों जिनमें पुलिस, परिवहन, राजस्व, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान शामिल हैं, का वर्ष 2025-26 के लिए कुल व्यय 80 प्रतिशत से ज्यादा हो चुका है। लगभग 21 विभागों का अब तक का व्यय वर्ष 2025-26 के लिए 70 प्रतिशत से ज्यादा हो चुका है तथा लगभग 18 विभागों का कुल व्यय वर्ष 2025-26 के लिए 60 प्रतिशत से ज्यादा हो चुका है।

#### पिछले दस सालों में तेजी से हो रहा विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रति व्यक्ति आय लगातार बढ़ी है। वर्ष 2014-15 में राज्य की प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 47 हजार 382 रुपये थी। इन आंकड़ों से यह पूर्णतः स्पष्ट होता है कि पिछले 10 वर्षों में राज्य की प्रति व्यक्ति आय में लगभग ढाई गुणा की वृद्धि हुई है। वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार के सभी विभागों का वास्तविक खर्चा 1 लाख 75 हजार 801 करोड़ रुपए था, जबकि वर्ष 2014-15 में यह केवल 61 हजार 904 करोड़ रुपए था। चालू वित्त वर्ष में सभी विभागों का वास्तविक खर्चा एक लाख 59 हजार 747 करोड़ रुपये है।

## हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में 40 विभागों के लिए खरीद को अंतिम रूप दिया



**चंडीगढ़।** सरकार ने राज्य में विकास कार्यों को और गति देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 40 से अधिक विभागों की विभिन्न खरीद प्रक्रियाओं को अंतिम रूप दिया है। यह निर्णय सोमवार की देर शाम को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक में बिजली, जनस्वास्थ्य, लोक निर्माण, सिंचाई, परिवहन, आईटी सहित अनेक विभागों की परियोजनाओं से जुड़े प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई तथा कई विकास कार्यों के टेंडर जारी किए गए।

#### विकास कार्यों में कोताही सहन नहीं

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य आमजन को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए ताकि कार्य समयबद्ध और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरे हों। एक-एक पैसे के सदुपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## प्रदेश के 40 करोड़ से अधिक राजस्व अभिलेख हुए डिजिटल : डॉ. मिश्रा

**चंडीगढ़।** पारदर्शी और तकनीक-आधारित भूमि प्रशासन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए हरियाणा ने मॉडर्न रेवेन्यू रिकॉर्ड रूम्स पहल के तहत 40 करोड़ से अधिक राजस्व अभिलेखों की छवियां अपलोड कर दी हैं। यह राज्य के प्रशासनिक इतिहास के सबसे बड़े डिजिटलीकरण अभियानों में से एक है। इस प्रगति की समीक्षा सभी उपायुक्तों की बैठक में की गई, जिसकी अध्यक्षता वित्त आयुक्त (राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग) डॉ. सुमिता मिश्रा ने की।

#### निर्धारित समय सीमा में अधिकांश रजिस्ट्री पूरी



मामलों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 16 फरवरी, 2026 तक लगभग 95 प्रतिशत रजिस्ट्रियां निर्धारित 5 दिनों की समय-सीमा के भीतर पूरी की गईं, जिससे संकेत मिलता है कि अधिकांश लेन-देन सामान्य समय-सीमा में निपटाए जा रहे हैं। अधिकारियों को शेष मामलों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## सीसीटीएनएस में पुलिस का प्रदर्शन शानदार

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने वर्ष 2025 में सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम) के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर नई मिसाल कायम की है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी), गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रतिमाह तैयार किए जाने वाले 'प्रगति डैशबोर्ड' में राज्य ने लगातार 100% अंक प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। दिसंबर 2025 में भी हरियाणा पुलिस ने सभी मानकों पर पूर्ण अंक हासिल कर रिकॉर्ड कायम रखा। जून 2021 से पिछले 55 महीनों में से 41 बार प्रथम स्थान प्राप्त करना इस बात का प्रमाण है कि पुलिस तकनीक आधारित पुलिसिंग में देश का नेतृत्व कर रही है।

### नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बीड सुनारवाला, बिरधाना, कुतानी व सिलाना में एक-एक जलकर्मी का पद रिक्त है। उक्त पद पर निर्धारित शर्तों अनुसार नियुक्ति बारे आवेदन दिनांक 24/02/2025 से दिनांक 10/03/2025 तक खण्ड कार्यालय में श्री जीत कुमार, सहायक के पास जमा किए जा सकते हैं। आवेदक द्वारा दो रंगीन फोटो सादे कागज पर आवेदन, आधार कार्ड, रिहायशी प्रमाण पत्र, योग्यता प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र व आयु प्रमाण पत्र सहित जमा कराये जाने हैं। आवेदनों के आधार पर साक्षात्कार लिया जायेगा। चयन/आवेदन के लिए पात्रता एवं शर्तें खण्ड कार्यालय झज्जर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है।

हस्ता/-खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, झज्जर।

पीआरडीएच 1028/11/185/2026/43092/88/6 दि. 17.02.2026

## सीएम ने अपराधियों को दे रखी है क्राइम करने की खुली छूट : ढांडा



**चंडीगढ़।** हरियाणा में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सीएम खुद छुट्टियां मनाने में व्यस्त रहते हैं और प्रदेश में गैंगस्टर्स, नशा तस्करों और अपराधियों का राज चल रहा है। हरियाणा के लोग डर के साये में जीने को मजबूर हैं। सीएम नायब सिंह ने प्रदेश को अपराधियों के हाथों में छोड़ रखा है और अपराधी बेखौफ फिरौती मांगते फिर रहे हैं। अनुराग ढांडा ने रोहतक में सरेआम बीच बाजार 25 गोलियां चलाए जाने वाले मामले पर भी सीएम नायब सिंह को जमकर घेरा है। ढांडा ने कहा कि आम लोगों का जीवन कितना सुरक्षित है आप इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि हत्या करके सोशल मीडिया पर इस अपराध को कबूल भी कर लिया गया है। इसका मतलब है कि सरकार का अपराधियों में कोई डर नहीं है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा पुलिस को खुली छूट देने की बात पर अनुराग ढांडा ने तंज कसते हुए कहा कि ना जाने कैसी छूट दे रखी है, अपराध को बढ़ाने की या करने की। ढांडा ने कहा कि घटनाओं को देखकर तो ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री ने अपराधियों को क्राइम करने की छूट दे रखी है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री गैंगस्टर्स को विदेश से पकड़कर लाने की बात करते हैं तो फिर यह घटनाएं कैसे हो रही हैं, ढांडा ने कहा कि हरियाणा का शायद ही कोई ऐसा व्यापारी हो जिसे फिरौती का कॉल नहीं आया होगा। ढांडा ने सीएम नायब सिंह से इस्तीफा देने की मांग की है।

## विधायकों के प्रोटोकॉल का ध्यान रखें अधिकारी : स्पीकर



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मंगलवार को विधान सभा सचिवालय में सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के साथ बैठक कर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विधायकों की ओर से प्राप्त उन शिकायतों पर भी कड़ा संज्ञान लिया है, जिनमें कुछ सरकारी अधिकारियों पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ संतोषजनक एवं अपेक्षित शिष्टाचारपूर्ण व्यवहार नहीं करने के आरोप लगाए हैं। विस अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के साथ शासकीय कार्यों में निर्धारित प्रक्रिया, मर्यादा और पारस्परिक सम्मान का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए।

■ स्पीकर ने मुख्य सचिव के साथ की बैठक

## पेयजल आपूर्ति को लेकर समीक्षा की



**चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण (भवन एवं सड़क) तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने चंडीगढ़ में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की। मंत्री ने विभाग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा करते हुए प्रदेश में पेयजल आपूर्ति, सीवरेज व्यवस्था और सार्वजनिक स्वास्थ्य से संबंधित परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जलघर, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तथा अन्य जन स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई और समुचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### छत्रपति हत्याकांड की गोलियां अदालत में पेश

## गोली पर हस्ताक्षर को लेकर सवाल जज बोले, कुछ दिखाई नहीं दे रहा

**चंडीगढ़।** पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह की सजा के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मंगलवार को मामले से संबंधित गोलियों की अदालत में भौतिक रूप से जांच की। लगभग सात वर्ष पहले इस मामले में डेरा प्रमुख को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी, जिसके खिलाफ अपील पर सुनवाई जारी है। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस विक्रम अग्रवाल की खंडपीठ ने सुनवाई के आरंभ में केस प्रॉपर्टी के रूप में पेश की गई 'लापुआ' सॉफ्ट-लीड गोली का निरीक्षण किया। अदालत ने यह देखने का प्रयास किया कि फॉरेंसिक विशेषज्ञ के कथित हस्ताक्षर या निशान उस गोली पर मौजूद हो सकते थे या नहीं, जबकि जिस प्लास्टिक कंटेनर में गोली रखी गई थी, उस पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की सील सुरक्षित और अक्षुण्ण बताई जा रही है। अपील की सुनवाई में बचाव पक्ष का मुख्य तर्क यही रहा कि पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के शरीर से निकाली गई गोली को बरामदगी के समय से लेकर ट्रायल कोर्ट में खोले जाने तक सीलबंद रखा गया था। यदि दोनों सीलें सही-सलामत थीं, तो फॉरेंसिक प्रयोगशाला के विशेषज्ञ द्वारा गोली की जांच और उस पर हस्ताक्षर किए जाने का दावा कैसे संभव हुआ। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने बहस के लिए मामले की सुनवाई स्थगित कर दी।

### पूर्व विधायक कुंडू की सुरक्षा देने की याचिका पर केंद्र व प्रदेश सरकार को नोटिस

**चंडीगढ़।** हरियाणा जनसेवक पार्टी के संयोजक व निर्दलीय विधायक रहे बलराज कुंडू की सुरक्षा की मांग की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने केंद्र, हरियाणा व चंडीगढ़ प्रशासन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दायर याचिका में कोर्ट को बताया गया कि बलराज कुंडू के मोबाइल फोन पर पुर्तगाल से फोन आया और फिर वॉयस मैसेज भेजकर दो दिन के भीतर पांच करोड़ रुपये का बंदोबस्त करने की धमकी दी गई। फोन करने वाले ने खुद का नाम महेंद्र बताया और कहा कि वह रोहित गोदारा गैंग का सदस्य है। उसने कहा कि पैसे नहीं मिलने पर वह पूर्व विधायक समेत उनके पूरे परिवार को जान से मार देगा। याचिका में बताया गया कि इस धमकी के बाद पूर्व विधायक ने रोहतक के पुलिस अधीक्षक और रेंज आईजी को इसकी सूचना दी। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल को पत्र लिखकर सुरक्षा मांगी है।

### शिक्षकों को राहत, इस्तीफा स्वीकार होने तक वेतन और भत्ते देने का आदेश

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) की एक शिक्षिका को बड़ी राहत देते हुए आदेश दिया है कि इस्तीफा स्वीकार करने में हुई देरी की अवधि के लिए उसे पूरा वेतन और सभी तय भत्ते दिए जाएं। जस्टिस संदीप मोदिगल की पीठ ने स्पष्ट किया कि जब तक इस्तीफा विधिवत स्वीकार नहीं किया जाता, तब तक कर्मचारी और नियोक्ता के बीच सेवा संबंध समाप्त नहीं माना जा सकता और कर्मचारी उस अवधि के सभी सेवा लाभों का अधिकारी रहता है। मामले के अनुसार सोनीपत निवासी याचिकाकर्ता वर्ष 2012 में एनवीएस में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका के रूप में नियुक्त हुई थी और विभिन्न नवोदय विद्यालयों में सेवाएं दे चुकी थी। सेवा के दौरान उसने कार्यस्थल पर प्रतिकूल माहौल और यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायत भी दर्ज कराई। मानसिक तनाव और स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उसने 14 फरवरी 2024 को इस्तीफा दे दिया।

## एचपीएससी का घेराव करने निकले कांग्रेसियों पर चलाई वॉटर कैनन

### हंगामे व पीछे न हटने पर पुलिस ने की कार्रवाई

**चंडीगढ़।** पंचकूला में हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन ) के मुख्यालय पर प्रदर्शन करने जा रहे युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग किया। इसके विरोध में रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा अंबाला से कांग्रेस सांसद वरुण मुलाना और यूथ कांग्रेस अध्यक्ष निशित कटारिया बैरिकेड्स पर चढ़ गए। इसके बाद पुलिस ने दीपेंद्र हुड्डा, वरुण मुलाना व अन्य को हिरासत में ले लिया। पुलिस इन्हें गाड़ियों में बैठाकर पंचकूला पुलिस लाइन ले गई।

कुछ देर बाद सभी को छोड़ दिया गया। यूथ कांग्रेस एचपीएससी चेयरमैन को हटाने, 35 प्रतिशत मार्क्स के क्राइटेरिया को हटाने, भर्तियों को दोबारा भरने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही है। आयोग के खिलाफ युवा करीब 50 दिन से सेक्टर-5 परेड ग्राउंड में धरना दे रहे हैं। कांग्रेसी उनके समर्थन में पहुंचे थे।



■ पुलिस ने दीपेंद्र हुड्डा व वरूण चौधरी को गिरफ्तार किया, बाद में छोड़ा

### गुहला विधायक के समर्थन में दीपेंद्र, केस वापस लेने की मांग

सांसद दीपेंद्र हुड्डा गुहला-चीका से पार्टी विधायक देवेंद्र हंस के समर्थन में उतर गए हैं। एक दिन पहले ही कैथल एसडीएम की शिकायत पर विधायक पर एफआईआर दर्ज हुई है। जिसमें अपमान करने और सरकारी काम में बाधा डालने जैसी धाराएं लगाई हैं।दीपेंद्र हुड्डा ने मंगलवार को पंचकूला में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सरकारें कभी एक पार्टी की नहीं रहती। सरकारें बदलेंगी तो एसडीएम को अपनी कार्यशैली का जवाब देना होगा। एसडीएम की कार्यप्रणाली खराब है, उसे जवाब देना होगा। विधायक ने एसडीएम को डिमांड पत्र के साथ झुनझुना दिया था। अब उन्हीं के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। यह तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात हो गई। सांसद ने कहा कि यह कैसा लोकतंत्र है, जहां पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया।

### उत्तर रेलवे

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| क्र सं. | लॉट सं. | विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-MET-GMU-177-26-1 | खानपान-जनरल माइनर यूनिट) (जीएमयू) (आकार 10' X 6') स्टॉल नंबर- 2, सामान्य श्रेणी के लिए प्लेटफॉर्म संख्या-1, मालेरकोटला (MET) रेलवे स्टेशन पर। | 02.03.2026 को 15:30 बजे |
| 2 | Catg-UMB-BXC-GMU-176-26-1 | (खानपान-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) (आकार 10' X 6') सामान्य श्रेणी के लिए प्लेटफॉर्म संख्या-1, बरवाला (BXC) रेलवे स्टेशन पर। | 02.03.2026 को 15:40 बजे |
| 3 | Catg-UMB-BTI-SMU-175-25-1 | खानपान स्पेशल माईनर यूनिट (एसएमयू) के अंतगर्त फ्रूट स्टाल 2 आकार). 51x3 (वर्ग मीटर 42 अनुसूचित जाति श्रेणी के (एससी) लिए बठिंडा रेलवे स्टेशन (बीटीआइ) के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में। | 02.03.2026 को 15:50 बजे |
| 4 | ADVT-UMB-ANSB-OSN-150-26-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 360 वर्ग फुट क्षेत्र में वाणिज्यिक विज्ञापन (नॉन डिजिटल)। | 02.03.2026 को 16:00 बजे |
| 5 | MSS-UMB-SRE-RCR-66-26-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन (अंबाला मंडल) पर 05 वर्षों की अवधि के लिए रेल कोच रेस्तरां की स्थापना और संचालन (साइट योजना के अनुसार | 02.03.2026 को 16:20 बजे |

नोटः ई-नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलते वेबसाईट **www.ireps.gov.in** को देखे। **नीलामी केटलॉग सं.: UMB-Mix-10-2026 रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारंभ होने की तिथि व समयः 02.03.2026 को 15:00 बजे**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 525/26

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोबिन सिंह जून, पुत्र** बिजेंद्र जून, **निवासीः** गांव नूनामाजरा, बहादुरगढ़, हरियाणा ने मुकदमा **FIR No. 461/2022 U/s 33/38/58 Delhi Excise Act, थानाः मुण्डका, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोबिन सिंह जून** मिल नहीं रहा है और मुझे सनाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोबिन सिंह जून** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 461/2022 U/s 33/38/58 Delhi Excise Act, थानाः मुण्डका, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोबिन सिंह जून** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव सिंगल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-06
कमरा नं. 355, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1838/OD/2026
(Court Matter)

### नगर परिषद, रेवाड़ी के आम चुनाव 2026 की मतदाता सूची हेतू कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Distribution of electors of the respective area of the legislative Assembly constituency or part thereof as provided by the Election Commission of India, into the wards of the above said Municipal Council / Municipal Committees in the format attached at annexure-"A" as draft electoral rolls (Rule-4) | 17-02-2026 to 27-02-2026 |
| (ii) | Publication of ward-wise draft electoral roll of Municipal Council /Committee for inviting claims and objections (Rule-4(3)]. | 28-02-2026 |
| (iii) | Last date by which claims and objections shall be presented to the Revising Authority. {Rule-4(4)(i)} | 07-03-2026 |
| (iv) | Last date by which the claims and objections shall be disposed of by the Revising Authority [Rule-4(4) (ii) & (vii)] | 12-03-2026 |
| (v) | Last date for filing appeals with the Deputy Commissioner against the orders of Revising Authority [Rule-4(4) (viii)] | 16-03-2026 |
| (vi) | Last date for disposal of appeals by the Deputy Commissioner [Rule-4(4) (viii)] | 19-03-2026 |
| (vii) | Finally publication of electoral roll. (Rule-4(4)(ix)] | 27-03-2026 |

हस्ता/- सचिव
नगर परिषद, रेवाड़ी

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :-

SW/BSO/737+738

हमकि (1) सत्यवन्ती विधवा व (2) राजीव कुमार (3) प्रदीप कुमार पुत्रान हरपाल सिंह दत्तक पुत्र ध्यान सिंह, निवासीगण गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (4) शशीप्रभा पुत्री हरपाल सिंह दत्तक पुत्र ध्यान सिंह हाल आबाद शशि प्रभा पत्नी विजय कुमार, निवासी मकान न0 108, गांव बापरोला, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली-110043 एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव महमूदपुर माजरा, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020-21 व इंतकाल न0 1381 बैय, के अनुसार खेवट न0 50 मिन/40, खाता न0 59 मिन, मु0 न0 15, किला न0 21/2(3-2), 22/2/2(1-2), मु0 न0 19, किला न0 1(7-8), 2(8-0), 3/1/2(3-17), 9(8-0), 12(8-0), 13(8-0), 14/1(6-12), 18(8-0), 19(8-0), किते 11, तादादी रकबा 70 कनाल 1 मरला सालम भाग (जिसमें सत्यवन्ती - शशीप्रभा - प्रदीप कुमार - राजीव कुमार हर चार समभाग) व खेवट न0 51 मिन/41, खाता न0 60 मिन, मु0 न0 19, किला न0 7/2(6-0) में से मिन पश्चिम (0-10), 8(8-0), मु0 न0 20, किला न0 18/2(5-16), 21(8-0), 22(8-0), 23(8-0), मु0 न0 30, किला न0 1(8-0) में से मिन पूर्व (1-2), 2(8-0), 3(8-0), 9/1(2-18), किते 10, तादादी रकबा 58 कनाल 6 मरले सालम भाग (जिसमें प्रदीप कुमार - राजीव कुमार हर दो समभाग), उपरोक्त खेवटों से कुल तादादी रकबा 128 कनाल 7 मरले (16.04375 एकड़) वाका रकबा मौजा महमूदपुर माजरा, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 15, किला न0 21/2(3-2), 22/2/2(1-2), मु0 न0 19, किला न0 1(7-8), 2(8-0), 3/1/2(3-17), 7/2 मिन पश्चिम (0-10), 8(8-0), 9(8-0), 12(8-0), 13(8-0), 14/1(6-12), 18(8-0), 19(8-0), मु0 न0 20, किला न0 18/2(5-16), 21(8-0), 22(8-0), 23(8-0), मु0 न0 30, किला न0 1 मिन पूर्व (1-2), 2(8-0), 3(8-0), 9/1(2-18), किते 21, तादादी रकबा 128 कनाल 7 मरले (16.04375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 17.02.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0-285, सैक्टर-14, गुरूग्राम - 122001
Mobile: 9810203697
E-mail: svkggn@yahoo.com

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सूचना जन सम्पर्क, भाषाएं एवं संस्कृति निदेशालय हरियाणा | "इको-फ्रैंडली डिजिटल वॉल प्रिंटिंग के लिए फर्म/एजेंसियों का पैनल तैयार करने" हेतु ई-निविदा। | 18.02.2026 05.03.2026 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-5059128 diprexhibition@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | डीएच हिसार, जिला हिसार में ई.आई. (वैद्युत कार्य) की विशेष मरम्मत (लैब, वरिष्ठ नागरिक कॉर्नर, स्टोर, क्वार्टर नं. 15, जीएनएम हॉस्टल और जीएनएम स्कूल के लिए ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल)। | 16.02.2026 25.02.2026 | 21.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में जाम्बा में राजकीय आईटीआई का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 17.02.2026 26.02.2026 | 351.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में सफीदों में एस.डी.ई. आवास की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 23.02.2026 | 4.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | आर.डी. 0 से 15000 तक केसीबी ड्रेन के किनारे का मजबूतीकरण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 23.02.2026 | 599.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 6 | सिविल सर्जन अम्बाला | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु डीएचएफडब्ल्यूएस, अम्बाला हेतु समवर्ती अंकेक्षक की नियुक्ति के लिए ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 18.02.2026 04.03.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 1712557473 dhs.csamb@hry.nic.in |
| 7 | सिविल सर्जन अम्बाला | अम्बाला जिले के शहरी क्षेत्र के लिए माइकिंग सहित ई-रिक्शा को किराये पर लेने के लिए ई-निविदा आमंत्रण। | 17.02.2026 23.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 1712557473 dhs.csamb@hry.nic.in |
| 8 | हरियाणा पुलिस | हरियाणा पुलिस के लिए 2000 अदद 9 एमएम पिस्टल की खरीद। | 16.02.2026 03.03.2026 | 590 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416431319 Supdt.provphq@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/160/43083/I/88/6 दि. 17.02.26

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



**सुविचार**

कदर करना सीख लीजिए, न जिंदगी वापस आती है और न ही जिंदगी में आए हुए लोग। कई बार तबीयत दवा लेने से नहीं, हाल पूछने से भी ठीक हो जाती है।

*- अज्ञात*



7 एशिया कप राइजिंग स्टार्स : भारत 'ए' ने नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की

# हरियाणा को मिलेगा आतंकवाद विरोधी दस्ता, पांच विभाग रहेंगे

**सीएम नायब सैनी ने दी मंजूरी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा को इस साल आतंकवाद विरोधी दस्ता (एटीएस) मिल जाएगा। सीएम नायब सैनी ने गृह विभाग की ओर से बनाए गए इसके प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव के तहत एटीएस का नेतृत्व पुलिस महानिरीक्षक (डीजीपी) करेंगे। गुरुग्राम में एक अलग एटीएस पुलिस स्टेशन बनाया जाएगा। पांच विभाग बनेंगे, जिनमें स्पेशल फोर्स, इंटेलीजेंस-ऑपरेशनल डिपार्टमेंट, रिसर्च-एनालिसिसि विंग और इन्वेस्टिगेशन मुख्य रहेंगे। इसमें एसपी-कमांडो के पद का नाम



बदलकर एसपी-स्पेशल फोर्स होगा। खास बात यह है कि एटीएस में शामिल होने वाले अधिकारी और कर्मचारिसों के लिए स्पेशल अलाउंस को बेसिक सैलरी के तहत 30 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा।

*गुरुग्राम में स्पेशल पुलिस स्टेशन बनेगा*

*डीएसपी-कांस्टेबल को 30% अलाउंस*

### सरकार इसलिए बना रही है एटीएस

आतंकी हमलों पर तुरंत सही प्रतिक्रिया देना, आतंकवाद से जुड़े मामलों की अच्छी जांच करना और कोर्ट में सही तरीके से मुकदमा चलाना। खुफिया जानकारी (इंटेलिजेंस) इकट्ठा करना और जरूरी लोगों/एजेंसियों के साथ बांटना मुख्य रहेगा।

## कमांडो प्रशिक्षण केंद्र में फायरिंग प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारा संकल्प पुलिस बल को आधुनिक संसाधनों, बेहतर अवसंरचना और अत्याधुनिक प्रशिक्षण से सशक्त बनाकर हरियाणा की कानून-व्यवस्था को देश में एक मॉडल के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के आधुनिकरण पर 300 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है और 5500 नए पुलिस जवानों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को कमांडो प्रशिक्षण केंद्र पंचकूला में स्वैट कमांडो कोर्स के छठे बैच के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कोर्स में 88 जवानों, जिसमें 11 पी.एस.आई. और 77 अन्य रैंक के जवान शामिल हैं, को आधुनिक हथियारों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने 85 लाख की लागत से निर्मित आभासी फायरिंग प्रशिक्षण केंद्र का भी उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक फायरिंग प्रशिक्षण केंद्र आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण का ऐसा संगम है जो जवानों को वास्तविक परिस्थितियों का सटीक अनुभव प्रदान करेगा।

# राज्य जन सूचना अधिकारियों से 2.94 करोड़ वसूलेगी सरकार

**जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए, राज्य सूचना आयोग द्वारा लगाए गए दंड की समयबद्ध वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों एवं निगमों के मुख्य प्रशासकों एवं प्रबंध निदेशकों, मंडल आयुक्तों और उपायुक्तों को इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य सूचना आयोग द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 20 (1) के अंतर्गत सूचना उपलब्ध

**एकमुश्त वसूली न हो इसलिए किस्तों में लिए जाएंगे पैसे**

कराने में विलंब के मामलों में दोषी राज्य जन सूचना अधिकारियों (एसपीआईओ) पर प्रति मामले 250 रुपए प्रतिदिन की दर से, अधिकतम 25 हजार रुपये तक दंड लगाया जाता है। वर्तमान में विभिन्न विभागों से संबंधित एसपीआईओ पर लगाए गए दंड में से कुल 2 करोड़ 94 लाख 87 हजार रुपए से अधिक की राशि बकाया है। वसूली के लिए सरकार ने एकमुश्त वसूली के स्थान पर मासिक किस्तों में वसूली की स्वीकृति दी है।

### ऐसे होगी वसूली

- **क्लास-ए अधिकारियों** से सेवा के दौरान 10 हजार रुपये प्रतिमाह और रिटायर होने की स्थिति में 5 हजार रुपये प्रतिमाह वसूले जाएंगे।
- **क्लास-बी के अधिकारियों** से सेवा के दौरान 7 हजार रुपये प्रतिमाह और रिटायर होने पर 3 हजार 500 रुपये प्रतिमाह की दर से वसूली की जाएगी।
- **क्लास-सी कर्मचारियों** से सेवा के दौरान 4 हजार रुपये प्रतिमाह और रिटायर होने पर 2 हजार रुपये प्रतिमाह की दर से राशि वसूल की जाएगी।
- **अगर संबंधित राज्य** जन सूचना अधिकारी का निधन हो चुका है, तो लगाया गया दंड माफ कर दिया जाएगा।

**खालिस्तानी आतंकियों ने भेजी ईमेल सीएम मान को मारने की धमकी**

# पंजाब में अस्पताल और 16 स्कूलों को उड़ाने की धमकी

एजेंसी ▶▶| मोहाली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जान से मारने की धमकी दी गई है। खालिस्तान समर्थक संगठन, खालिस्तान नेशनल आर्मी ने प्रशासन को ईमेल भेजकर उन्हें मारने की धमकी दी और कहा कि अगर मुख्यमंत्री मान बच गए तो उनका पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह जैसा हाल करेंगे। मुख्यमंत्री भगवंत मान मोहाली के फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। खालिस्तान नेशनल आर्मी ने इस अस्पताल समेत 16 स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी। मोहाली के एसपी सिटी दिलप्रीत सिंह ने ईमेल की पुष्टि की है। एसपी का कहना है



**लिखा, बच गए तो पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह जैसा हाल करेंगे**

कि धमकी भरा ईमेल आया है। हम सभी चीजों को वैरिफाई कर रहे हैं। मुख्यमंत्री फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। अस्पताल की अच्छी तरह से जांच की गई है। सब सेफ है। सीनियर्स के अगले आदेश तक फोर्स को हॉस्पिटल में तैनात रखा जाएगा। एसपी दिलप्रीत सिंह ने बताया कि मेल में ब्लास्ट का टाइम दोपहर 1.11 बजे दिया गया, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

## चुनाव आयोग तुगलकी आयोग बना : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने आयोग को तुगलकी आयोग बताया और आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर मतदाता सूची से लाखों नाम हटाए जा रहे हैं। भाजपा के आईटी सेल की एक महिला कर्मचारी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर चुनाव आयोग स्पेशल इंटेशिल रिवीजन के दौरान बंगाल के मतदाताओं के नाम हटा रहा है।



**भाजपा के निर्देश पर 58 लाख वोटर्स के नाम हटवाए**

## भाजपा ज्वाइन करेंगे असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोरा

**गुवाहाटी।** असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा के भाजपा जॉइन करने की अटकलों पर आखिरकार मुहर लग गई। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार शाम बोरा के घर जाकर उनसे मुलाकात की। इसके बाद सीएम ने बोरा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बताया कि वे 22 फरवरी को पार्टी की सदस्यता लेंगे। बोरा ने एक दिन पहले कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। उन्होंने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के को अपना इस्तीफा पत्र सौंपा। बोरा ने अपने इस्तीफे में लिखा था कि उन्हें पार्टी नेतृत्व की ओर से नजरअंदाज किया जा रहा है।



**22 फरवरी को सदस्यता लेंगे सीएम हिमंत ने की मुलाकात**

# तारिक रहमान बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री बने

**संसद भवन में ली शपथ, एक हिंदू समेत 49 मंत्री बने, पीएम मोदी ने दिया भारत आने का न्योता**



एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही 18 महीने से चल रही अंतरिम सरकार का कार्यकाल खत्म हो गया। तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने तारिक रहमान को बधाई देते हुए उन्हें भारत आने का न्योता दिया है। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे हैं। 17 साल तक लंदन में रहने के बाद वह दो महीने पहले ही बांग्लादेश लौटे थे। रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री निताई रॉय चौधरी भी शामिल है। वह कैबिनेट मंत्री बने। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। सभी 24 राज्य मंत्री नए हैं। पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था। (पेज 8 भी देखें)



## खबर संक्षेप

### तेल टैंकर की वेल्डिंग करते समय धमाका मैकेनिक की मौत



**अंबाला।** अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे स्थित बलदेव नगर के पास मंगलवार दोपहर सड़क किनारे खड़े डीजल के एक खाली टैंकर की वेल्डिंग करते समय अचानक हुए भीषण धमाके में एक 30 वर्षीय मैकेनिक की जान चली गई। चौकाने वाली बात यह है कि ठीक इसी जगह पर तीन महीने पहले भी ऐसा ही ब्लास्ट हुआ था। मृतक युवक की पहचान पंजाब के हंडेसरा (रानी माजरा) के लखविंदर उर्फ लक्की (30 ) के तौर पर हुई है। वह अपने चाचा गुरचरण के साथ हाईवे किनारे खड़े टैंकर पर वेल्डिंग का काम कर रहा था।

### बिजली चोरी पकड़ने गई टीम से हाथापाई



**फतेहाबाद।** गांव कुम्हारिया में बिजली चोरी की शिकायत पर कार्रवाई करने पहुंची बिजली निगम की टीम के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट का मामला सामने आया है। दो कर्मचारियों के मोबाइल फोन तोड़ दिए और उनमें बनाई गई वीडियो भी डिलीट कर दी। मामले की लिखित शिकायत पुलिस को दे दी गई है। मंगलवार को जेई रतन सिंह, लाइनमैन जीत सिंह, एएलएम तथा चालक महेंद्र की टीम गांव में जांच के लिए पहुंची थी। यहां दो ढाणियों में बिजली चोरी पाई गई। आरोप है कि विक्रम गुर्जर, आजाद गुर्जर सहित 10-12 अन्य व्यक्तियों ने टीम को घेर लिया और धक्का-मुक्की शुरू कर दी। कर्मचारियों से मोबाइल छीन लिए गए और रिकॉर्ड की गई फुटेज मिटा दी गई। इतना ही नहीं, टीम की गाड़ी की चाबी भी निकाल ली गई।


## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### अपराधियों का हरियाणवी म्यूजिक इंडस्ट्री से नाता

# बदमाशों को पनाह व हथियार देने पर गायक हर्ष बुबका काबू

- यमुनानगर में अस्पताल के अंदर व मॉल के बाहर की थी फायरिंग, पुलिस ने गायक हर्ष बुबका समेत तीन अन्य आरोपियों को मोहाली से किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

शहर में फायरिंग व रंगदारी मांगने के मामले के तार अब हरियाणवी म्यूजिक इंडस्ट्री से भी जुड़ गए हैं। शहर के वरयाम सिंह अस्पताल व सिटी माल पर 7 फरवरी को देर शाम हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चार आरोपियों में हरियाणवी गीतों के लेखक व गायक बुबका निवासी विवेक उर्फ हर्ष बुबका, करनाल के गांव बल्ला निवासी अमरिंदर, पंजाब के जिला फिरोजपुर निवासी साबीर व कैथल के गांव सिसमोर निवासी आदित्य शामिल हैं। आरोप है कि गायक हर्ष ने फायरिंग करने वाले बदमाशों को अपने पास पनाह दी थी और उन्हें पैसे व हथियार मुहैया करवाए थे। बताया जा रहा है कि हर्ष को मोहाली के फ्लैट से गिरफ्तार किया गया है।



यमुनानगर। पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी देते एडिशनल एसपी।

### मुठभेड़ में गिरफ्तार किए थे तीन बदमाश

एडिशनल एसपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि सात फरवरी की रात को पंजाब के जिला पटियाला के समाना कस्बा के गुरु तेग बहादुरनगर निवासी गुरलाल, करनाल के गांव तरावड़ी निवासी सागर व नितिन ने शहर के वरयाम सिंह अस्पताल व सिटी माल के बाहर फायरिंग की थी। जिन्हें आठ फरवरी को तड़के रटौली रोड पर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग भी की। जवाबी कार्रवाई में दो आरोपियों के पैर में गोली लगी, जबकि तीसरा बाइक से गिरकर घायल हो गया था। जिसके बाद पुलिस ने तीनों को मौके पर ही काबू कर लिया।

### पहले भी दर्ज हैं केस

एडिशनल एसपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी अमरेंद्र करनाल में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित था। साबीर दस फरवरी को मोगा में हुई फायरिंग में वांछित चल रहा था। इन बदमाशों को किसी और भी वारदात को अंजाम देना था लेकिन उससे पहले ही यह पुलिस ने धर दबोचा।

### हर्ष के कई गाने फेमस

हर्ष करीब तीन साल से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक्टिव था। उसने सरपंची, ड्राइवरी, टक्कर, जस्ट बिगिन जैसे कई गाने गाए व फिल्माए थे। उसके यूटूयूब वीडियो पर लाखों व्यूज थे।

### भ्रूण लिंग जांच मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने भ्रूण लिंग जांच मामले में दो आरोपियों मोहित उर्फ मोहित शर्मा वासी गंगोह जिला सहारनपुर यूपी व आकाश पंवार वासी नोरंगपुर जिला सहारनपुर यूपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2022 में सिविल सर्जन करनाल की सूचना पर अवैध तरीके से भ्रूण लिंग जांच करने की सूचना पर थाना झांसा में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने जिला कुरुक्षेत्र के गांव हसनपुर में एक डॉक्टर के क्लीनिक पर रेड करके उसे सील किया था तथा आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके आगे की कार्रवाई की गई थी। आरोपी डॉक्टर के खिलाफ चालान तैयार करके माननीय न्यायालय में दिया जा चुका है। मामले की आगामी कार्रवाई करते हुए थाना झांसा प्रभारी उप निरीक्षक गुलाब सिंह के मार्गदर्शन में सहायक उप निरीक्षक संजीव कुमार की टीम ने मामले में शामिल दो आरोपी मोहित उर्फ मोहित शर्मा वासी गंगोह जिला सहारनपुर यूपी व आकाश पंवार वासी नोरंगपुर जिला सहारनपुर यूपी को गिरफ्तार कर लिया।

# विज के दोनों पैरों में फ्रैक्चर एक माह आराम की सलाह

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**

कैबिनेट मंत्री अनिल विज के दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया। वे अपने घर पर नहाते समय बाथरूम में फिसल गए। डॉक्टरों ने उनके दोनों पैरों में प्लास्टर चढ़ाया है और साथ ही उन्हें एक महीने के बेड रेस्ट की सलाह दी है। उनका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वे घर में कुर्सी पर बैठे आराम कर रहे हैं। उन्होंने अपने पैरों को टेबल पर रखा हुआ है। दोनों पैरों पर प्लास्टर चढ़ा हुआ दिखाई दे रहा है। इससे पहले, जून 2020 में भी अनिल विज के साथ ऐसा ही हादसा हुआ था और उनके दोनों पैरों में फ्रैक्चर हुआ था।

बता दें कि 20 फरवरी से हरियाणा विधानसभा का सत्र शुरू होना है। इससे पहले 19 फरवरी को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग बुलाई गई है। इस मीटिंग में सेशन की कार्रवाई को लेकर चर्चा होनी है। इस मीटिंग में मंत्री अनिल विज को शामिल होना था लेकिन दोनों पैरों में फ्रैक्चर और डॉक्टरों की एक महीने बेड रेस्ट की सलाह के बाद विज के इस मीटिंग में भी शामिल होने पर संशय बन गया है।

### गीत गुनगुना रहे विज



चोट लगने के बावजूद विज अपने हरफनमौला अंदाज में दिखाई दिए। उन्हें व्हील चेयर पर बैठे हुए ही लोगों से बातचीत करते हुए दिखा गया। इसके अलावा वे गीत गुनगुनाते हुए दिखे... चल री सजनी अब क्या सोचे। अटल जी की पंक्तियां हार नहीं मानूंगा वे गुनगुना रहे हैं।


**कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री धर्मबीर श्रीमती राजपती धर्मबीर गिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10505540) | लुदियाना तहसील पिल्लुखेड़ा, जिला जीन्द-126102 में स्थित खेवट नं. 314 मिन, खाता नं. 346, खसरा नं. 96 किल्ला 11/5(1-12), किते 1 में निहित सम्पत्ति वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Area_Admeasuring सम्पत्ति क्षेत्रफल : 4356 | रु. 1169162/- रुपये ग्यारह लाख उनहत्तर हजार एक सौ बासठ केवल | 04-12-2025 | 16/02/2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।
स्थान : हरियाणा, दिनांक : 18.02.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.


### अंबाला रेलवे स्टेशन से पकड़े दो पाक नागरिक



**अंबाला।** पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन से दो पाकिस्तानी नागरिकों को काबू किया है, जबकि दो फरार हो गए। ये दोनों आरोपी सोमवार शाम जम्मू के आरएसपुरा स्थित बाल सुधार गृह से सुरक्षाकर्मियों पर हमला कर फरार हुए थे। गिरफ्तार आरोपियों में एक सनाउल्लाह (20) निवासी मुजफ्फरगढ़, पंजाब (पाकिस्तान) जोकि 2021 से अवैध बॉर्डर क्रॉसिंग के आरोप में जेल में था। दूसरा आरोपी एहसान अनवर (21) है। यह ननकाना साहिब (पाकिस्तान) का है। यह 2019 से अवैध घुसपैठ के आरोप में बंद था। 16 फरवरी की शाम 5 बजे दोनों ने अन्य साथी कर्णजीत उर्फ गूंगा के साथ मिलकर भागने की साजिश रची। गूंगा ने अवैध पिस्टल से दो पुलिसकर्मियों को गोली मारकर घायल कर दिया था। वे यहां अपने साथी ठाकुर के पास गए और अब अंबाला से भागने की फिराक में थे।

**जम्मू के बाल सुधार गृह से हमला कर भागे थे, 2 साथी फरार**

### छत्तीसगढ़ की युवती से हिसार के युवक ने की थी शादी

# पति व देवर को नींद की गोलियां देकर भागी तीन दिन की दुल्हन

- युवती के कथित परिजनों को युवक ने सोने की चेन और कड़ा दिया था

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार**

छत्तीसगढ़ से सोने के गहनों के बदले आई दुल्हन शादी के तीन दिन बाद ही अपने पति और देवर को दूध में नशीला पदार्थ पिलाकर फरार हो गई। परिजनों को दुल्हन के भागने की घटना के बारे में करीब पौने घंटे बाद पता चला। इस मामले में पीड़ित परिवार ने पुलिस को शिकायत दी।

घोड़ा फॉर्म रोड निवासी अनिल बंसल ने बताया कि वह ड्राइवर है। उसने अपने बड़े बेटे सचिन की शादी चार महीने पहले छत्तीसगढ़ के गांव कोरबा की युवती से की थी। उसके बाद छत्तीसगढ़ निवासी बिचौलिए संतोष ने मेरे छोटे बेटे साहिल की शादी भी छत्तीसगढ़ में करने की बात कही। साहिल तेलियान पुल के पास मेडिकल शॉप में नौकरी करता है। अनिल के अनुसार बिचौलिए ने बताया कि छत्तीसगढ़ से 6 लोग हिसार आकर शादी करवाएंगे। इसके साथ शर्त रखी कि शादी के बदले में युवती मधु के परिवार को सोने की चेन और कड़ा देना होगा। इसके अलावा गांव में शादी की पार्टी करवानी होगी।

अनिल बंसल के मुताबिक 13 फरवरी को मधु के परिवार के लोग दिल्ली होते हुए हिसार आए, जहां उनके लिए एक होटल में कमरा बुक किया गया। युवती मधु, संतोष, मधु का भाई बताने वाला युवक और तीन महिलाएं हिसार आई थीं। साहिल की शादी पर चार लाख रुपये खर्च किए। दुल्हन के माता-पिता को सोने का कड़ा और चेन भी दी। अनिल के अनुसार शिवरात्रि की रात को बहू मधु ने बेटे साहिल और उसके साथ वाले कमरे में सो रहे छोटे बेटे हिनू को नींद की गोलियां दूध में मिलाकर दे दीं। इसके बाद अलसुबह 4 बजे के करीब वह घर से निकल गई।

### बिचौलिये ने भी धमकाया

अनिल ने पुलिस पर इस मामले में देरी का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने सोमवार सुबह 7 बजे पुलिस को सूचना दे दी थी लेकिन पुलिस ने 11 बजे तक कोई कार्रवाई नहीं की। अनिल ने शक जताया कि मधु के भागने में बिचौलिये संतोष का भी इसमें हाथ हो सकता है। जब उससे फोन पर बात की तो वह उल्टा हमें ही धमकाने और कार्रवाई करने का डर दिखाने लगा।


**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Sagar Sharma, Civil Judge (Junior Division), Ganaur
MANJEET
Vs.
SURENDER
APPLICATION FOR PASSING FINAL DECREE
CM-06-2023
CNR No. HRSOA0-000121-2023
Next Date:- 20-03-2026
PUBLICATION ISSUED TO:
2. Santosh Kumari wife of Ramesh Kumar son of Uttam Chand resident of Ganaur Mandi Tehsil Ganaur District Sonipat., 7. Dayavati wife of Surajbhan son of Ratan Singh resident of village Saiya Khera Tehsil Ganaur District Sonipat., 8. Sita now deceased through his LR's (i) Sunder Lal, (ii) Shiv Narayan sons of Late Sita wife of Krishan Chand son of Gyani Ram both R/o Village Datauli Tehsil Ganaur District Sonipat., 9. Fateh Singh now deceased through his LR's (i) Ramrati widow (ii) Vikas (iii) Manoj sons (iv) Renu (v) Poonam (vi) Anju daughters of Late Fateh Singh son of Guljari all R/o Village Teha Tehsil Ganaur District Sonipat (Haryana)., 11. Sanjay S/o Digvijay son of Manohar Lal R/o village Dharampur Tehsil Bijnor (U.P)., 12. Rajpal son of Ranjit son of Amilal R/o village Dhamlavas Tehsil and District Riwari., 13. Leela wife of Rameshwar son of Mam Chand R/o village Teha Tehsil Ganaur District Sonipat., 14. Reena wife of Jagpal son of Jai Narayan R/o Patel Nagar, Ganaur Tehsil Ganaur District Sonipat., 15. Poonam wife of Mukesh son of Jaipan Gir R/o village Datauli Tehsil Ganaur District, Sonipat. 16. Kamla wife of Satpal son of Amar Singh, 17. Sohan Gir son of Mehak Singh son of Mange Ram, 18. Anita wife of Avnish son of Devi Singh all resident of village Teha Tehsil Ganaur District Sonipat., 20. Ashok Kumar son of Ranjit son of Tika Ram, 21. Suresh Kumar son of Sita Ram son of Banwari Lal both resident of Patel Nagar, Ganaur Tehsil Ganaur District Sonipat., 22. Dharambir son of Vijay Singh son of Kirpa Ram resident of village Garhi Keshr Tehsil Ganaur District Sonipat., 23. Rajender Parshad son of Ugarshan resident of Kath Mandi, Sonipat Tehsil and District Sonipat., 24. Suresh son of Vijay resident of village Garhi Keshr Tehsil Ganaur District Sonipat., 26. Devi wife of Vinod son of Vashudev, 27. Sonia wife of Rakesh son of Ram Niwas, 28. Meena wife of Sanjay Kumar son of Bhim Singh, 29. Paramjeet son of Chinderpal son of Ram Parkash all resient of Patel Nagar, Ganaur Tehsil Ganaur District Sonipat., 30. Sanjay now deceased through his LR's (i) Babita widow (ii) Neeru (iii) Shaili daughters (iv) Dev minor son of Late Sanjay son of Ram Darshan through her mother Smt. Babita all resient of village Garhi Keshri Tehsil Ganaur District Sonipat (Haryana)., 31. Smt. Reenu Bala wife of Ashok Kumar son of Inder Dutt resident of village Garhi Keshri Tehsil Ganaur District Sonipat., 32. Reena wife of Ranbir Singh son of Hari Kishan resident of Patel Nagar, Ganaur Tehsil Ganaur District Sonipat., 33. Nirmala wife of Raghbir Singh son of Chander resident of Ashok Nagar, Ganaur Mandi, Tehsil Ganaur District Sonipat., 34. Deepal son of Ramphal resident of Patel Nagar, Ganaur Tehsil Ganaur District Sonipat., 35. Suhila wife of Sanjay son of Rameshwar resident of village Teha Tehsil Ganaur District Sonipat., 36. Nimala wife of Surender Mohan son of Dhan Singh resident of Patel Nagar, Ganaur Tehsil Ganaur District Sonipat. 37. Minor Divyans 38. Minor Aryan both son of Sandeep son of Rameshwar both resident of village Teha Tehsil Ganaur District Sonipat both minor through their mother Munesh, 39. Indu wife of Rajender son of Dayanand resident of village Samaspur Gamra Tehsil Ganaur District Sonipat., 40. Raj Rani wife of Ramsaran son of Surajbhan resident of village Budshyam Tehsil and District Panipat., 41. Anju D/o Mahender Singh son of Bhaneram resident of Patel Nagar, Ganaur Tehsil Ganaur District Sonipat, 42. Vikas son of Dharam Singh s/o Ratan Singh R/o Village Patkalyana Tehsil Samalkha District Panipat.

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 20-03-2026 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district-Sonipat

Sd/- Civil Judge (Junior Division), Ganaur
Dated, this day of 17-02-2026



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम हिसार | हिसार क्लस्टर (एम.सी. हिसार, हांसी, बरवाला, उकलाना, नारनौंद और सिवानी) में प्रतिदिन निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे का प्रसंस्करण। | बंद होने की तिथि 02.03.2026 | रु. 892.50 लाख (लगभग) | https://etenders.hry.nic.in | 8295088152 xenmchissar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43073/I/88/6 दि. 17.02.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद डबवाली | वार्ड 15 और 16 में सुधार न्यास पार्क का पुनरोद्धार + 4 कार्य। | 16.02.2026 02.03.2026 | रु. 84,86,449/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015438905 secymcdabwali@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43074/I/88/6 दि. 17.02.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में विभिन्न स्थानों पर सैनीटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन, इनसिनरेटर, डेशबोर्ड और सैनीटरी नेपकिन्स का प्रावधान व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 25.02.2026 | रु. 42,76,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43075/I/88/6 दि. 17.02.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम हिसार | पुनः आमंत्रण-एम.सी. हिसार में दुग्ध डेयरियों की शिफ्टिंग + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 04.03.2026 | रु.34,77,35,032/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662238001 xenmchissar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43079/I/88/6 दि. 17.02.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला (एचएमएससीएल) | औषधियों के भण्डारण के लिए करनाल में भण्डार गृह की लीज के लिए ऑनलाइन निविदा। | 17.02.2026 10.03.2026 | रु.4,20,00,000/- | www.hmscl.org.in | 0172-478822 hmscltenders@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43086/I/88/6 दि. 17.02.26


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

# ठेकेदारों की सिक्योरिटी रोक तय होगी जवाबदेही

- सीवरेज व ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े टेंडर की शर्तों में बदलाव, अब निर्माण के साथ-साथ रखरखाव की भी उठानी होगी जिम्मेदारी

**योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़**

सूबे की नायब सैनी सरकार सीवरेज सिस्टम और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े टेंडरों की शर्तों में बदलाव करते हुए ठेकेदारों की जवाबदेही तय कर रही है। निर्माण के साथ-साथ संचालन व रखरखाव की जिम्मेदारी ठेकेदारों की रहेगी। नई व्यवस्था के तहत परियोजनाओं को 3 श्रेणियों में बांटा है। जिसमें 40 एमएलडी तक एसटीपी प्लांट, 40 एमएलडी से बड़े एसटीपी और बिना ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस (ओएंडएम) श्रेणी वाले एसटीपी शामिल हैं। इसमें 40 एमएलडी तक की क्षमता वाले एसटीपी के लिए कुल परियोजना लागत का 80 फीसदी हिस्सा निर्माण और 20 फीसदी ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस के लिए निर्धारित किया है। 80 फीसदी कैपिटल कास्ट में से 40 प्रतिशत पैसा सिविल वर्क और 40 फीसदी मैकेनिकल वर्क पर खर्च होगा। 20 फीसदी इलेक्ट्रिकल और इंस्ट्रूमेंटेशन पर खर्च किया जाएगा।

### तीन चरणों में देंगे सिक्योरिटी

बिना ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस (ओएंडएम) श्रेणी वाले एसटीपी की श्रेणी में संबंधित एजेंसी या ठेकेदार को केवल सीवरेज नेटवर्क का निर्माण करना है। इसमें ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस शामिल नहीं है। तीन साल का डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड तय किया गया है। इसके तहत सिक्योरिटी राशि तीन चरणों में वापस दी जाएगी। पहले साल के बाद 30 फीसदी, दूसरे साल के बाद 30 और फिर तीसरे साल के बाद 40 फीसदी सिक्योरिटी राशि वापस मिलेगी। परफॉर्मेंस बैंक गारंटी (पीबीजी) का पांच फीसदी पैसा तीन साल पूरे होने के 45 दिन बाद जारी होगी। सरकार ने 55 से अधिक विभागों के प्रशासनिक सचिवों को इस संदर्भ में पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं।

## शब्द पहेली - 6142



**बाएँ से दाएँ**
1.मन मोहने वाला-5
5.प्रस्थान करना,रवानगी-5
9.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10.तेल में पकाना-3
11.प्रेम,प्यार-2
13.थोड़ा,जरा-2
14.मैं का बहुवचन-2
15.उम्मीद करना-5
18.धन,संपदा-2
19.पक्षियों की चहचहाट-4
20.अभिप्राय-4
21.सद्,अच्छा-2
22.दम,ताकत-2
23.प्रकाशवान-4
26.ठसाठस-4
29.माईल,दूरी नामपे की इकाई-2
30.क्रोधित होना-2,3
33.विदेशी शराब-2
34.झुका हुआ-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.आखेट मंच-3
38.खुजली-3
41.मनमोहकता-5
42.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.आकर्षक.चितार्कषक-5
2.वैक्स,मधुज-2
3.अधिकार-2
4.फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5.जागरण-4
6.दीवार (अंग्रेजी-2)
7.मां के पिता-2
8.असफल-5
12.गर्भ,कोख-3
13.करामात-3
15.खातिरदारी -5
16.उद्देश्य-2
17.नामकरण-2,3
23.भूस्वामी-2,3
24.सही का विलोम-3
25.मृत्यु-2
27.इमामदस्ता-3
28.कांतिमान, चमकीला-5
31.उदारता,बड़प्पन-4
32.मालगोदाम-4
36.रत्न,नग-2
37.टी,चहा-2
39.याचिका,वाद (अंग्रेजी-2)
40.वहम,संदेह-2

### शब्द पहेली -6141 का हल





